કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

સત્યમેવ જયતે

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 કવાટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

375/अ/49/2025/क.रा.बी.नि./अंक/राजभाषा 19-05-2025

## परिपत्र

## राजभाषा कार्यान्वयन सुझाव पुरस्कार योजना वर्ष 2025-2026

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (चिकित्सा और गैर चिकित्सा) को सूचित किया जाता है कि **निगम कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग के प्रचार – प्रसार को बढ़ावा देने के लिए एक सुझाव पुरस्कार योजना लागू की गयी है।** इस योजना के अंतर्गत **हर वर्ष (01 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक)** प्राप्त ऐसे सुझावों पर नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था है जिन्हें निगम के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उपयोगी पाया गया हो। इस सुझाव पुरस्कार योजना की विस्तृत जानकारी निम्नलिखित है:

1. इस योजना में निगम के **सभी अधिकारी तथा कर्मचारी (चिकित्सा और गैर चिकित्सा) भाग ले सकते** है। तथापि निगम कार्यालयों में तैनात हिंदी कार्मिक इस पुरस्कार योजना में भाग नहीं ले सकेंगे।
2. एक सुझाव पर पुरस्कार राशि **अधिकतम 3,000/- रुपये और न्यूनतम 600/- रुपये** होगी तथा **प्रत्येक वर्ष कुल मिलाक 12,000/- रुपये** तक की राशि के पुरस्कार स्वीकृत किए जाएंगे।
3. सुझाव देने वाले अपने सुझाव , अपने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मुख्यालय की राजभाषा शाखा को भेजने हेतु क. रा. बी. नि. अस्पताल, अंकलेश्वर की राजभाषा शाखा को प्रेषित करें।
4. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त सुझावों पर मुख्यालय में गठित मूल्यांकन समिति विचार करेगी तथा उसकी सिफ़ारिशों पर पुरस्कारों का निर्धारण किया जाएगा।

संलग्न: मुख्यालय पत्र।

Digitally signed by
KUMAR KUNJAN
Date: 19-05-2025
15:58:34
(कुमार कुंजन)
**उप निदेशक – राजभाषा प्रभारी**

सेवा में,

1. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर ।
2. सहायक चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर ।
3. सहायक नर्सिंग अधीक्षक, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर।
4. समस्त सहायक निदेशक एवं शाखा अधिकारी प्रशासन /सामान्य/नकद/वित्त/अतिविशिष्ट/मेडिकल स्टोर एवं सतर्कता शाखा, क.रा.बी.नि. अस्पताल अंकलेश्वर
5. नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इसे वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
6. कार्यालय प्रति।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/16/03/2007-रा.भा. दिनांक : 16/5/2025

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/ क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत्य महाविद्यालय/नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशक, निदेशालय(चिकित्सा)दिल्ली/ निदेशालय(चिकित्सा)नोएडा ।

**विषय : राजभाषा कार्यान्वयन सुझाव पुरस्कार योजना वर्ष 2025-2026**

महोदय/महोदया,

विदित हो कि निगम कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए एक सुझाव पुरस्कार योजना लागू की गयी है। इस योजना के अंतर्गत हर वर्ष (01 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक) प्राप्त ऐसे सुझावों पर नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था है जिन्हें निगम के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उपयोगी पाया गया हो। ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र इकाइयों में इस योजना का व्यापक प्रचार नहीं किया जा रहा है, परिणामस्वरूप इस योजना के अंतर्गत प्राप्त सुझावों की संख्या बहुत ही कम होती है।

अत: इस सुझाव पुरस्कार योजना की विस्तृत जानकारी पुन: इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया इस योजना का व्यापक प्रचार करें :-

1. इस योजना में निगम के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी (चिकित्सा और गैर-चिकित्सा) भाग ले सकते है। तथापि निगम कार्यालयों में तैनात हिन्दी कार्मिक इस पुरस्कार योजना में भाग नहीं ले सकेंगे।
2. एक सुझाव पर पुरस्कार राशि अधिकतम 3000/- रुपये और न्यूनतम 600/- रुपये होगी तथा प्रत्येक वर्ष कुल मिलाकर 12,000/- रुपये तक की राशि के पुरस्कार स्वीकृत किए जाएंगे।
3. सुझाव देने वाले अपने सुझाव, अपने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अथवा सीधे ही मुख्यालय की राजभाषा शाखा को भेजेंगे।
4. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त सुझावों पर मुख्यालय में गठित मूल्यांकन समिति विचार करेगी तथा उसकी सिफ़ारिशों पर पुरस्कारों का निर्धारण किया जाएगा।
5. उपयोगी/ पुरस्कृत सुझावों का पुरस्कार पाने वाले कर्मचारी के नाम का उल्लेख करते हुए उचित प्रचार भी किया जाएगा।

भवदीय,

Digitally signed by
Shyam Kumar
Date: 16-05-2025
11:37:33

(श्याम कुमार)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :

1. मुख्यालय के सभी अधिकारियों/ शाखाओं को सूचना एवं समरूप कार्रवाई हेतु।
2. वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इसे निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

16.5.2025

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)